# वैश्विक
# जिम्मेदार सोर्सिंग नीति



अप्रैल 2021

Givaudan

Human by nature

# विषय-सूची


| | | |
|---|---|---|
| 1 | परिचय – Givaudan में जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से सोर्सिंग करना | 04 |
| 2 | इस नीति का कार्यक्षेत्र एवं प्रयोजन | 05 |
| 3 | मानवाधिकार | 06 |
| 4 | पर्यावरण | 08 |
| 5 | व्यावसायिक सत्यनिष्ठा | 09 |
| 6 | नैचुरल्स | 10 |
| 7 | सिन्थेटिक्स | 12 |
| 8 | इनडायरेक्ट मैटीरियल्स एव सर्विसेज | 12 |
| 9 | नीति क्रियान्वयन,  मॉनिटरिंग, स सतत सुधार | 13 |
| 10 | सतत सुधार एवं रिपोर्टिंग | 14 |
| 11 | उचित सावधानी तथा इस नीति के अनुपालन का सत्यापन | 14 |
| 12 | तृतीय पक्ष ऑडिट – फैक्टरी एवं खेत स्तर पर | 15 |
| 13 | गैर-अनुपालन | 15 |
| 14 | शिकायतें | 15 |
| 15 | परिशिष्ट | 16 |



## परिचय – Givaudan में जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से सोर्सिंग करना

Givaudan इस लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है कि वर्ष 2030 आने तक हम सभी सामग्रियों एवं सेवाओं की सोर्सिंग ऐसे प्रकार से करें जो लोगों एवं पर्यावरण की सुरक्षा के अनुकूल हो। 250 वर्षों की विरासत के साथ उद्योगजगत के एक नेतृत्वकर्ता के रूप में हम उत्पादकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलजुलकर कार्य करते हैं, ताकि हम अपने सोर्स करने के तरीके में बदलाव करें और नए मूल्यों का सृजन करें, जिसे सभी लोग साझा करें। हमारी अप्रोच की प्रेरक-शक्ति हमारा प्रयोजन है: प्रकृति के प्रति प्रेम के साथ अधिक प्रसन्न, अधिक स्वस्थ जीवन का सृजन। आइए एकसाथ मिलकर कल्पना करें; विशेष रूप से यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे साथ काम करने से सभी हितधारक लाभान्वित हों, तथा हमारे प्रत्येक कार्य में प्रकृति के प्रति हमारा प्रेम प्रदर्शित हो।

वर्तमान समय में, Givaudan दुनियाभर से 10,000 से अधिक प्राकृतिक कच्चे मालों की सोर्सिंग करता है, ताकि Fragrance & Beauty तथा Taste & Wellbeing में सक्रिय हमारे प्रभागो के माध्यम से संघटकों का सृजन किया जा सके। इसके अलावा हम हजारों स्थानीय, क्षेत्रीय एवं वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से सिन्थेटिक्स, पैकेजिंग ए एवं सेवाएं भी सोर्स करते हैं। इस पैमाने पर आपूर्ति शृंखला को जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से प्रबन्धित करना बहुत जटिल काम है, परन्तु हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, पर्यावरणीय, सामाजिक एवं व्यावसायिक सत्यनिष्ठा के क्षेत्रों से सम्बन्धित तौर-तरीकों को सुधारने तथा बेहतर पारदर्शिता के लिए आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


हम जहां भी बिजनेस करते हैं, वहां पर हम मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जिन समुदायों के बीच मौजूद हैं वहां के समुदायों में एक सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करते हैं, और हम इस बात को समझते हैं कि हमारे ऊपर भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी की जैवविविधता एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। हमारी िजिम्मेदारीपूणर् सोिसर्ंग कायर्क्रम United Nations Sustainable Development Goals (पिरिशष्ट देखें)।







गिल्स एंड्रियर (Gilles Andrier)
चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (मुख्य कार्यकारी अधिकारी)



विलियम मटसैर्ट्स (Willem Mutsaerts)
ग्लोबल प्रोक्यूरमेंट प्रमुख


# इस नीति के कार्यक्षेत्र एवं प्रयोजन

जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति में ऐसे सिद्धांतों एवं मानकों का वर्णन किया गया है, जिनका हम अपने आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पालन किया जाना चाहते हैं। हम केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं के साथ बिजनेस करना चाहते हैं, जो इन मानकों का पालन करेंगे और हम चाहते हैं कि हमारे सभी आपूर्तिकर्ता इन लक्ष्यों की दिशा में कार्य करें।

यह नीति हमारे सभी आपूर्तिकर्ताओं पर लागू होती है। "आपूर्तिकर्ता" का अर्थ ऐसा कोई भी व्यक्ति या कम्पनी है, जो हमें किसी भी माल या सेवा की आपूर्ति करती है। इसमें ये लोग शामिल हैं - कच्चे माल के कोई भी प्राथमिक उत्पादक, कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता, मध्यवर्ती सामग्री, मध्यवर्ती आपूर्तिकर्तागण तथा सेवा प्रदातागण। यह नीति किसी भी आपूर्तिकर्ता (स्थायी, अस्थायी, कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी तथा आप्रवासी कामगार समेत) के साथ ही साथ सब-कान्ट्रैक्टर्स, एजेंट्स एवं सब्सिडरीज की सभी साइटों, कामगारों एवं कर्मचारियों पर लागू होती है।

इस नीति में वे सामान्य आवश्यकताएं वर्णित की गई हैं, जो आपूर्ति शृंखला के सभी क्षेत्रों पर लागू होती हैं, साथ ही साथ इसमें नैचुरल्स, सिन्थेटिक्स तथा इनडायरेक्ट मैटीरियल्स एवं सर्विसेज (IM&S) आपूर्तिकर्ताओं से सम्बन्धित विशिष्ट आवश्यकताएं भी वर्णित की गई हैं, जो कुछ विशेष विषयों के बारे में अधिक गहराई और सुस्पष्टता प्रदान करती है।

Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे इस नीति को एक मार्गदर्शक साधन के रूप में प्रयोग करें, और इसकी सहायता लेते हुए अपनी सतत सुधार गतिविधि के माध्यम से इस नीति के प्रति अपना अनुपालन प्रदर्शित करें। हम जानते हैं कि कुछ चुनौतियों पर विजय हासिल करने में समय लग सकता है, और यथानुसार अनुप्रयोज्य होने पर इसे ध्यान में रखा जाएगा। हम अपनी नियमित आपूर्तिकर्ता समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से तथा विशिष्ट मूल्यांकन एवं ऑडिट गतिविधि के माध्यम से इसकी प्रगति का निरीक्षण एवं मापन करेंगे। तथा, जहां Givaudan को ऐसा दिखेगा कि कोई आपूर्तिकर्ता एक सहमत समय अवधि के दौरान इस नीति का अनुपालन प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं कर सकता है अथवा नहीं करेगा, उस स्थिति में Givaudan किसी विशेष सामग्री या सेवा की वैकल्पिक आपूर्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है।







## सामान्य आवश्यकताएं

निम्नलिखित आवश्यकताएं सभी आपूर्तिकर्ताओं पर लागू होती हैं, तथा ये अन्तरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त मानकों समेत UN Global Compact (UNGC) क प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं।

## 1. मानवाधिकार

### स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

Givaudan की आवश्यकता है कि हमारे सभी आपूर्तिकर्ता सभी अनुप्रयोज्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विनियमों एवं मानकों का अनुपालन करें, जिसमें ये चीजें शामिल हैं - कामगारों को सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करना, अपने प्रचालनों में जल उपलब्धता, सफाई एवं स्वच्छता (Water Access, Sanitation and Hygiene (WASH)) सिद्धांतों का क्रियान्वयन करना, कार्यस्थल में उचित आपातकालीन निकासी होना, कार्य के अनुरूप सुरक्षा उपकरण तथा प्रशिक्षण देना, तथा आपातकालीन चिकित्सीय देखभाल प्रदान करना।

नियमित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण एवं क्रियाविधियां मौजूद होनी चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऑक्युपेशनल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्बन्धी अनुप्रयोज्य आवश्यकताओं की पहचान की जाए, उन्हें अप-टू-डेट रखा जाए, और उनके बारे में जानकारी दी जाए।

### कार्य स्थितियां

आपूर्तिकर्ता पारिश्रमिक, कटौतियों, काम के घंटों, ओवरटाइम एवं लाभों से सम्बन्धित सभी अनुप्रयोज्य कानूनों का अनुपालन करेगा। वे उचित पारिश्रमिक का भुगतान करेंगे, जो कि कम से कम विधिक मानकों या अनुप्रयोज्य राष्ट्रीय नियमों के अनुरूप तो होने ही चाहिए, केवल वही कटौतियां करेंगे जिनकी अनुमति अनुप्रयोज्य कानून में दी गई होगी, और कामगारों को उनके पारिश्रमिक एवं नियोजन शर्तों के बारे में लिखित और सुबोध सूचना प्रदान करेंगे।

आपूर्तिकर्ता अपने कामगारों को पालियों के बीच में उचित ब्रेक, पर्याप्त विश्राम एवं प्रत्येक सात दिन की अवधि में कम से कम एक अवकाश अवश्य प्रदान करेंगे। कामगारों से प्रति सप्ताह 48 घंटे से अधिक काम नहीं करवाया जाना चाहिए। अतिरिक्त ओवरटाइम स्वैच्छिक होना चाहिए, तथा प्रति सप्ताह 12 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए, तथा उसके लिए उचित दर पर भुगतान किया जाना चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं को अपने कर्मचारियों को अनुप्रयोज्य कानूनों में निर्धारित लाभ अवश्य प्रदान करने होंगे, जिसमें बीमारी की छुट्टी, सार्वजनिक अवकाश, वैकेशन समय, तथा अभिभावकीय छुट्टी शामिल हैं। अस्थायी कामगारों का नियोजन अथवा अस्थायी कॉन्ट्रैक्ट्स का प्रयोग करते समय सुसंगत राष्ट्रीय नियोजन कानूनों के अनुपालन करना जरूरी है।

आपूर्तिकर्ताओं को अनुप्रयोज्य कानूनों के अनुरूप अपने कर्मचारियों द्वारा ट्रेड यूनियन बनाने एवं उसमें हिस्सा लेने, कार्यस्थल में अपने रिप्रजेन्टेटिव फंक्शन करने, तथा सामूहिक रूप से निगोशिएट करने के उनके अधिकार का सम्मान अवश्य करना होगा।

## बाल श्रम, बाध्य श्रम एवं मानव तस्करी

आपूर्तिकर्ता बच्चों की अनिवार्य शिक्षा पूरी होने से पहले उन्हें नौकरी नहीं देंगे, और 15 वर्ष की आयु से पहले तो किसी भी स्थिति में नहीं। आपूर्तिकर्ताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि कम आयु के कामगार से कोई ऐसा काम ना करवाएं, जिसके चलते वे विद्यालय जाने से वंचित हो सकते हैं अथवा जो उनके लिए हानिकारक खतरनाक हो सकता है। आपूर्तिकर्ताओं से भी यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे बाल श्रम के उन्मूलन सम्बन्धी सभी रिपोर्टिंग दायित्वों का अनुपालन करें।

आपूर्तिकर्ताओं को भूलकर भी किसी बंधुआ या बाध्य मजदूर, दासता, अस्वैच्छिक प्रिजन लेबर अथवा मानव तस्करी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ है नियोजन में कोई दबाव नहीं होना चाहिए; पारिश्रमिक का गैर-भुगतान या रोकने की हरकत नहीं की जानी चाहिए; पासपोर्ट या पहचान पत्र अपने पास नहीं रखना चाहिए; कोई डेब्ट बॉण्डेज या बहुत भारी भर्ती शुल्क नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता दैहिक दण्ड के किसी भी रूप, शारीरिक या मानसिक दुर्व्यवहार, हिंसा क की धमकी, मॉनेटरी फीस या जुर्माना, या किसी अन्य प्रकार के दुर्व्यवहार, दबाव या डराने-धमकाने का प्रयोग नहीं करेगा, ना ही उसे सहन करेगा।

आपूर्तिकर्ता अपने स्वयं के ऑर्गनाइजेशन के बाहर भी ऊपर वर्णित किए के अनुसार बाल श्रम या बाध्य श्रम में शामिल नही होगा अथवा किसी भी प्रकार से उसका लाभ नहीं उठाएगा।

## विविधता, कार्यस्थल में सम्मान, समान व्यवहार

Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे अपने कर्मचारियों के साथ सम्मान एवं गरिमा से व्यवहार करें। कार्यस्थल में विविधता का सम्मान किया जाए। उत्पीड़न एवं दुर्व्यवहार को सहन ना किया जाए। आपूर्तिकर्ताओं से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे किए जाने वाले कार्य के लिए आवश्यक योग्यता एवं क्षमता मात्र के आधार पर कर्मचारियों को नियोजित एवं पदोन्नत करें, जिसमें उनकी नस्ल, आयु, लिंग, र राष्ट्रीय उद्गम, धर्म, सेक्सुअल ओरिएंटेशन या कार्य-निष्पादन के लिए असंगत किसी अन्य श्रेणी से कोई मतलब नहीं होना चाहिए।

विशेष रूप से हम महिलाओं एवं पुरुषों के साथ एकसमान व्यवहार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, और हमारा मानना है कि समाज में आर्थिक वृद्धि फैलाने और सामाजिक विकास को बढ़ाव देने के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण बहुत जरूरी है। हम एकसमान वैल्यू वाले कार्य के लिए एकसमान भुगतान का प्रयास करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से पूरी तरह से अपेक्षा करते हैं कि वे इन मानकों का समझें और इनका पालन करें।

## मुक्त, पूर्व एवं सूचित सहमति (FPIC) और भूमि अधिकार

स्थानीय तथा मूल-निवासी समुदायों के भू अधिकारों को बनाए रखा जाना चाहिए, और कच्चे माल का उत्पादन करने वाली सभी साइटों पर मुक्त, पूर्व एवं सूचित सहमति की प्रक्रिया का सम्मान किया जाना चाहिए, और समुदायों के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से लाभ साझा किया जाना जरूरी है।

हम मानते हैं कि भूमि एक बहुत ही मूल्यवान आर्थिक परिसम्पत्ति है, तथा पहचान एवं संस्कृति के स्रोत का प्रतिनिधित्व करती है। हम किसी भी व्यक्ति या समूह समेत मूल-निवासियों या स्थानीय समुदायों के सम्पत्ति एवं भूमि के टाइटल एवं अधिकार समेत उनके सांस्कृतिक अधिकारों तथा आत्म-निर्णय तथा इस संदर्भ में गैर-भेदभाव के अधिकार का सम्मान करते हैं।

इसलिए हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे किसी भी प्रकार से जमीन पर कब्जा, जल, वन या खनिज संपदा पर कब्जा का प्रयोग नहीं करेंगे। ऐसे व्यक्तियों, मूल-निवासियों या स्थानीय समुदाय की सम्पत्ति या भूमि से सम्बन्धित किसी भी निगोशिएशन समेत उसके उपयोग एवं ट्रांसफर के लिए हम FPIC के सिद्धांतों, संविदा पारदर्शिता एवं प्रकटीकरण का प्रयोग करते हैं।

## समुदायों के अधिकार

हम अपनी गतिविधियों से प्रभावित होने वाले समुदायों के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि संवदेनशील एवं मार्जिनलाइज्ड यानी हाशिये के समूहों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे हितधारक संवाद में अपने समुदायों के साथ नियमित एवं सुव्यवस्थित रूप से जुड़ें और साथ ही उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझें। Givaudan मानवाधिकार नीति देखने के लिए इस लिंक प पर क्लिक करें:

www.givaudan.com/files/giv-human-rights-policy.pdf







# 2. पर्यावरण

### पर्यावरण प्रबन्धन सिद्धांत

आपूर्तिकर्ता सभी अनुप्रयोज्य पर्यावरणीय विनियमों का अनुपालन करेंगे, और हमेशा प्रकृति एवं लैंडस्केप पर अपने प्रभावों को कम करने का लक्ष्य करेंगे। आपूर्तिकर्ताओं को पर्यावरणीय प्रबन्धन सिद्धांतों का क्रियान्वयन करना जरूरी है ताकि वायु, मृदा, तथा जल प्रदूषण से बचा जाए, और साथ ही साथ जैवविविधता एवं प्रकृति को परिरक्षित रखा जाए।

Givaudan ने अपने कार्बन फुटप्रिंट त तथा जल उपयोग को कम करने के साथ ही साथ प्लास्टिक के उपयोग पर पुनर्विचार करने के लिए काफी महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हम नैचुरल्स, सिन्थेटिक्स तथा IM&S के अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे मांगे जाने पर अपने कार्बन फुटप्रिंट, ज जल उपयोग, पर्यावरणीय प्रभाव सम्बन्धी डेटा एवं जानकारी प्रदान करने के लिए मिलजुलकर काम करने के द्वारा इन प्रयासों को सपोर्ट करें, और समय के साथ अपने समग्र प्रभाव को काम करने की दिशा में काम करें।

इसके हिस्से के रूप में, हम निम्न अनुरोध करते हैं:

आपूर्तिकर्तागण पर्यावरणीय अनुपालन दायित्वों पर खरे उतरने तथा पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए प्रबन्धन योजनाओं का प्रयोग करें।

आपूर्तिकर्तागण अपशिष्ट उत्पन्न होने की रोकथाम करें, तथा अपशिष्ट प्रबन्धन के 5R का प्रयोग करें: पर्यावरण के लिए अनुकूल तरीके से रिड्यूस, रीयूज, रिपेयर, रिसाइकिल, रिकवर तथा/अथवा निपटान करना। आपूर्तिकर्ता सभी अपशिष्ट स्रोतों की पहचान करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि स्थानीय कानूनों एवं विनियमों का अनुपालन करते हुए उन्हें प्रबन्धित करें।

आपूर्तिकर्तागण स्थानीय अपशिष्ट जल शोधन विनियमों का अनुपालन करें और अपने प्रचालन स्थल पर वे वॉटरशेड पर प्रभावों को कम करना सुनिश्चित करें। इसमें पानी की कमी, गुणवत्ता एवं दबाव सम्बन्धी पहलू शामिल हैं।

आपूर्तिकर्तागण जैवविविधता पर प्रभाव को प्रबन्धित करने के लिए संरक्षित क्षेत्रों एवं उच्च परिरक्षण मूल्यों वाले क्षेत्रों को मॉनिटर करें।

आपूर्तिकर्तागण अपने जलवायु आपदा शमन उपायों के हिस्से के रूप में कार्बन उत्सर्जन को संभावित रूप से कम करने का मूल्यांकन करें।

जो आपूर्तिकर्तागण अपने उत्पादों एवं पैकेजिंग म में प्लास्टिक का प्रयोग करते हैं, वे इसके उपयोग को कम करने पर विचार करें तथा/अथवा इसे बदलकर अपनी मैन्युफैक्चरिंग प प्रक्रिया में नवीकरणीय समाधानों का प्रयोग करें।

# 3. व्यावसायिक सत्यनिष्ठा

### कानून, अन्तरराष्ट्रीय मानकों एवं कन्वेन्शन का अनुपालन

Givaudan की आवश्यकता है कि प्रत्येक आपूर्तिकर्ता अपने प्रचालन वाले देशों में सभी अनुप्रयोज्य कानूनों का अनुपालन करें, और हम अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि उनके पास व्यावसायिक सत्यनिष्ठ को प्रबन्धित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था हो।

### रिश्वतखोरी

हम चाहते हैं कि हमारे आपूर्तिकर्तागण कभी भी प्रत्यक्ष रूप से या किसी तृतीय पक्ष के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से - किसी सरकार, राजनीतिक दल या सरकार द्वारा नियंत्रित संस्था के किसी अधिकारी को, अथवा किसी प्राइवेट सेक्टर संस्था हेतु कार्यरत किसी व्यक्ति को - बिजनेस या अन्य सेवाएं अनुचित रूप से प्राप्त करने, प्रतिधारित रखने या बिजनेस को डायरेक्ट करने के लिए कोई गैर-कानूनी भुगतान, किकबैक या कोई लाभ ना प्रदान करें। इसमें किसी भी प्रकार का “फैसिलिटेशन भुगतान” शामिल है।

यदि किसी आपूर्तिकर्ता को किसी ट्रांजैक्शन में Givaudan के नाम पर या इसकी ओर से कार्य करना पड़े, तो ऐसे में उस आपूर्तिकर्ता को Givaudan की आंतरिक नीतियों एवं क्रियाविधियों का ठीक उसी प्रकार से अनुपालन करना पड़ेगा, जैसे कि मानो वह Givaudan की कोई संस्था हो। ऐसी स्थिति में Givaudan सभी अनुप्रयोज्य नीतियों एवं क्रियाविधियों की एक प्रति उस आपूर्तिकर्ता को उपलब्ध कराएगा।

### उपहार, मनोरंजन, एवं आतिथ्य

आपूर्तिकर्तागण, Givaudan या Givaudan के किसी कर्मचारी को - Givaudan या उस कर्मचारी के किसी निर्णय को प्रभावित करने के लिए - कोई उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य नहीं दे सकते हैं।

### मनी

Givaudan अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे सभी अनुप्रयोज्य एंटी-मनी लॉन्डरिंग क कानूनों का पालन करें और किसी भी आवश्यक प्रक्रिया या नियंत्रण की व्यवस्था करें।

### वित्तीय धोखाधड़ी

Givaudan अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे धोखाधड़ी की रोकथाम करने, पहचान करने और रिपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हों, जिसमें धोखाधड़ीपूर्ण वित्तीय रिपोर्टिंग करना, तथा धोखाधड़ी का जोखिम कम करने वाले नियंत्रण परिवेश को बनाए रखना शामिल है।

### उचित प्रतिस्पर्धा

Givaudan सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे एक निष्पक्ष एवं प्रतिस्पर्धात्मक मुक्त बाजार प्रणाली के प्रति कटिबद्ध हों, और सभी अनुप्रयोज्य एंटीट्रस्ट, कॉम्पीटीशन एवं ट्रेड प्रैक्टिस कानूनों के शब्द एवं भाव के अनुरूप कार्य करें।

### गोपनीय जानकारी

Givaudan चाहता है कि हमारे आपूर्तिकर्ता हमारे साथ की जाने वाली ट्रांजैक्शन के दौरान प्राप्त होने वाली किसी भी गोपनीय जानकारी या व्यापारिक रहस्य को किसी तृतीय पक्ष के समक्ष हमारी पूर्व सहमति के बिना प्रकट ना करें, जबतक कि अनुप्रयोज्य कानूनों या न्यायालय आदेशों के चलते ऐसे प्रकटीकरण की आवश्यकता हो। आपूर्तिकर्तागण किसी भी गोपनीय जानकारी या व्यापारिक रहस्य वाली जानकारी का प्रयोग केवल Givaudan के साथ अपने अनुबंध में निर्धारित कार्यों को करने के हिस्से के रूप में प्रयोग करें।
आपूर्तिकर्तागण कभी भी Givaudan की बौद्धिक सम्पदा का अतिक्रमण करने का प्रयास नहीं करेंगे।

### समस्याओं की रिपोर्ट करना

आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि उनके पास शिकायत निवारण तंत्र एवं प्रक्रियाएं हों, ताकि व्यावसायिक सत्यनिष्ठा एवं रिश्वत एवं भ्रष्टाचार सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जा सके। ऐसे सिस्टमों में कर्मचारियों के पास यह सुविधा होनी चाहिए कि वे गोपनीय तरीके से तथा प्रतिकार की कार्रवाई के भय के बिना किसी अनुपालन चिंता क की जानकारी दे सकें।






# विशिष्ट आवश्यकताएं

पिछले अध्यायों में वर्णित सामान्य आवश्यकताओं के अलावा Givaudan अपने नैचुरल्स, सिन्थेटिक्स तथा/अथवा IM&S आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे निम्नलिखित विशिष्ट मानकों का अनुपालन करें, जैसा भी अनुप्रयोज्य हो:

## 1. नैचुरल्स

हम सभी जानते हैं कि हम लोग लगातार बढ़ती हुई कितनी बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसे ध्यान में रखते हुए हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि जलवायु परिवर्तन को कम करने, जलवायु सुदृढ़ता निर्मित करने, जैवविविधता एवं पारितंत्र सेवाओं की सुरक्षा करने एवं बढ़ाव देने के प्रयासों में योगदान करने, विशेष रूप से इन समस्याओं का समाधान करने के द्वारा, के लिए वे श्रेष्ठ कृषि एवं कलेक्शन तौर-तरीकों (Good Agricultural and Collection Practices)1 को क्रियान्वित करें।

### स्मॉलहोल्डर्स

स्मॉलहोल्डर्स हमारे कच्चे माल सोर्सिंग नेटवर्क का एक केन्द्रीय हिस्सा हो सकते हैं, और हम समझते हैं कि हमारी नीति के उचित अनुप्रयोग के व्यावहारिक तरीके खोजने के लिए हमें अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हैं कि जहां हमारे प्रमुख कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला में स्मॉलहोल्डर काम कर रहे हों तथा जैवविविधता एवं पारितंत्र की सुरक्षा करने के द्वारा जलवायु परिवर्तन कम करने में योगदान कर रहे हों, वे उन चीजों को हमारी जानकारी में लाएं।

### जैवविविधता, पारितंत्र तथा मृदा निम्नीकरण

Givaudan, Convention of Biological Diversity* की शर्तों को सपोर्ट करता है, और साथ ही जैविक विविधता के परिरक्षण, जैविक विविधता घटकों के संवहनीय उपयोग, तथा जेनेटिक संसाधनों के उपयोग से मिलने वाले लाभों को निष्पक्ष एवं समतापूर्ण तरीके से साझा करने का समर्थन करता है।

- जैवविविधता के उपयोग से मिलने वाले लाभों को निष्पक्ष एवं समतापूर्ण तरीके से साझा करना

  आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे Nagoya Protocol का क्रियान्वयन करने वाले विनियमों एवं स्थानीय विधानों का अनुपालन करें।

- जैवविविधता का परिरक्षण एवं संवहनीय उपयोग

  विशिष्ट प्रजातिगत विविधता समेत स्थानिक, दुलर्भ, संकटग्रस्त या विलुप्तप्राय प्रजातियों युक्त पारितंत्र के साथ ही साथ कार्बन संग्रहण करने वाले में अत्यधिक दक्ष जैसे कि वनों, दलदली भूमि एवं घासभूमि को परिरक्षित या रीस्टोर किया जाना चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए जैवविविधता को बढ़ाव देने वाल तरीकों से कल्टिवेट या कलेक्ट करें:

रीजरनेटिव कृषि तौर-तरीकों का प्रयोग करना।जंगली फसलों को प्रबन्धित करना, जिससे जंगली प्रजातियों की संवहनीय पुन:वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

1. www.who.int/publications/i/item/9241546271
   टिप्पणी: WHO की GACP Guidelines में हर्ब, हर्ब मैटीरियल, एवं अन्य प्लांट डेरिवेटिव कवर किए गए हैं। हर्ब में ये चीजें शामिल हैं - कच्ची पादप सामग्री जैसे कि पत्तियां, फूल, फल, बीज, तना, लकड़ी, छाल, जड़ें, प्रकंद या पौधे के अन्य हिस्से, जो कि साबूत हो सकते हैं, छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित हो सकते हैं, या पाउडर के रूप में हो सकते हैं। हर्बल मैटीरियल में हर्ब के अलावा ये चीजें शामिल हैं - ताजा जूस, गम, फिक्स्ड ऑयल, एसेंशियल ऑयल, रेजिन तथा हर्ब के ड्राई पाउडर। कुछ देशों में इन सामग्रियों को विभिन्न स्थानीय क्रियाविधियों द्वारा प्रोसेस किया जा सकता है, जैसे कि स्टीमिंग, र रोस्टिंग, अ अथवा शहद, एल्कोहोलिक बेवरेज या अन्य सामग्रियों के साथ

* Convention on Biological Diversity तथा Nagoya Protocol (www.cbd.int/)

## निर्वनीकरण

हम जो उत्पाद खरीदते हैं, वे अवश्य ही निर्वनीकरण एवं कन्वर्जन मुक्त होने चाहिए। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे निर्वनीकरण एवं कृषि हेतु भूमि कन्वर्जन से बचें।

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे “No Deforestation, No Peat, No Exploitation (NDPE)” सिद्धांतों का पालन करें:

- इसमें हाई कंजर्वेशन वैल्यू (HCV) तथा हाई कार्बन स्टॉक (HCS) क्षेत्रों का विकास ना किया जाना भी शामिल होना चाहिए;
- पीटलैण्ड या अन्य वेटलैण्ड का कोई विकास नहीं।

हम फॉरेस्ट कल्टिवेशन क्षेत्रों में क्षतिपूर्ति करने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं ताकि इन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्र का उचित रीजनरेशन सुनिश्चित किया जा सके।

## कीटनाशक एवं खतरनाक पदार्थ

विशेष रूप से, हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे प्रतिबन्धित कीटनाशकों या ऐसे पदार्थों का कभी प्रयोग ना करें, जो वाइल्ड कलेक्शन की खेती किए जाने वाले देशों में निषेधित हैं। हम आपूर्तिकर्ताओं से यह भी अपेक्षा करते हैं कि वे एकीकृत कीट प्रबन्धन क्रियान्वित किया करें, जिससे सिन्थेटिक एग्रोकेमिकल्स के उपयोग में कमी लाई जा सके।

## पशु कल्याण

सभी पशुओं के साथ जिम्मेदारी एवं गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। हम पशु उत्पादों एवं घटकों के अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे पशु कल्याण के उच्च मानकों का पालन करें, जिसमें ये क्षेत्र भी शामिल हैं: आवास घनत्व; चारा एवं चारा खिलाने के तौर-तरीके; स्वच्छता; एंटीबायोटिक्स का जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से उपयोग; कष्टदायक क्रियाविधियों से बचाना; सम्मानपूर्वक परिवहन तौर-तरीके2; तथा गैर-कानूनी वन्यजीव व्यापार में कोई संलिप्तता नहीं।

## कच्चे माल के लिए वापस स्रोतों की ट्रेसिबिलिटी

Givaudan कच्चे माल के स्रोत की ट्रेसिबिलिटी के साथ पारदर्शी सोर्सिंग नेटवर्क निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि आपूर्ति शृंखला - जोखिमों के मूल्यांकन एवं मॉनिटरिंग क की बुनियाद - का काम करती है, साथ ही साथ हमारी नीति के पालन में सुधार को सपोर्ट करने के लिए हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ एंगेजमेंट को भी सक्षम बनाती है।

हम अपने प्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी स्वयं की आपूर्ति शृंखला में प्राथमिक उत्पादन स्तर के अंदर चरणों एवं काम करने वालों के बारे में जानकारी प्रदान करन के द्वारा ट्रेसिबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सपोर्ट करें। इस मामले में हमारी आवश्यकता है कि हमारे प्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ता कच्चे माल के स्रोत वाले अपने आपूर्ति शृंखला पार्टनर्स के साथ इस नीति में वर्णित किए गए मानकों का पालन करें।

2 जैसा कि Farm Animal Welfare Council द्वारा वर्णित किया गया है और World Organization for Animal Health (OIE) द्वारा समर्थित किया गया है



## 2. सिन्थेटिक्स

एक न्यूनतम मानक के रूप में प्रत्येक सिन्थेटिक आपूर्तिकर्ता  से अपेक्षा की जाएगी कि वे कानून एवं अनुप्रयोज्य विनियमों के अनुपालन में काम करें, और इसे विभिन्न उप-श्रेणियों द्वारा सामना की जाने वाली सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों तक विस्तारित किया जाएगा।

सिन्थेटिक सामग्रियों के प्रत्येक आपूर्तिकर्ता  से अपेक्षा की जाएगी कि वे इस नीति के पालन की दिशा में काम करें, और उनसे अपेक्षित रहेगा कि वे प्रदान की जाने वाली सामग्री के आधार पर प्रयोग की जा सकने वाली विभिन्न एवं अनुप्रयोज्य सत्यापन अभ्यासों में Givaudan के साथ मिलकर काम करेंगे।

इस श्रेणी में सोर्स की जाने वाली सामग्रियों की प्रकृति के कारण जैवविविधता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, रासायनिक प्रबन्धन एवं अपशिष्ट प्रबन्धन के क्षेत्रों में हमारे आपूर्तिकर्ताओं  से विशेष फोकस अपेक्षित किया जाएगा, और इसलिए अनुप्रयोज्य कानूनों एवं विनियमों के अनुपालन (जैसे कि REACH) की दिशा में काम करने की आवश्यकता होगी।





## 3. इनडायरेक्ट मैटीरियल्स एव

इनडायरेक्ट मैटीरियल्स एवं सर्विसेज  (IM&S) सप्लाई चेन में विविध प्रकार के आपूर्तिकर्ता,  सामग्रियां एवं सेवाएं शामिल हैं, जैसे कि पैकेजिंग स से लेकर लॉजिस्टिक, प्रोफेशनल सेवाओं, अपशिष्ट प्रबन्धन, भवन एवं केन्द्र प्रबन्धन एवं भर्ती तक। अपनी सामग्री या सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक की अपनी कार्य-पद्धति तथा प्रक्रिया है, तथा ये सभी इस नीति की परिधि में आते हैं।

एक न्यूनतम मानक के रूप में प्रत्येक IM&S आपूर्तिकर्ता  से अपेक्षा की जाएगी कि वे कानून एवं अनुप्रयोज्य विनियमों के अनुपालन में काम करें, और इसे विभिन्न उप-श्रेणियों द्वारा सामना की जाने वाली सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों तक विस्तारित किया जाएगा।

Givaudan, IM&S श्रेणी के अंदर अपनी आपूर्ति  शृंखला में प्लास्टिक का उपयोग करता है। जो आपूर्तिकर्ता  अपने उत्पादों एवं पैकेजिंग म में प्लास्टिक का उपयोग करते हैं, हम उनसे अपेक्षा करते हैं कि वे इसके उपयोग को कम करने अथवा इसकी मैन्युफैक्चरिंग म में रिसाइकल्ड या नवीकरणीय सामग्रियों का प्रयोग करने के द्वारा इसके हानिकारक प्रभावों को काम करें।





## नीति क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग, स सतत सुधार

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे इस जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति के अनुपालन की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करें, इसके लिए उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि उनके और उनके कर्मचारियों के पास इसकी विषय-वस्तु का पूर्ण ज्ञान हो, तथा वे इसका पालन करें। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से यह भी अपेक्षा करते हैं कि वे अपनी आपूर्ति शृंखला में वापस प्राथमिक उत्पादन स्तर तक हर किसी को इस नीति की आवश्यकताओं के बारे में सूचित करें, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे भी इस नीति में निर्धारित सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं।

## आपूर्तिकर्ता प्रबंधन प्रणाली

Givaudan अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे ऐसे प्रबन्धन सिस्टम क्रियान्वित करें, जिनकी सहायता से इस जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति का अनुपालन सम्भव हो सके। इसमें एक न्यूनतम के रूप में निम्न चीजें शामिल हैं:

**जोखिम प्रबन्धन**
Givaudan अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे इस नीति द्वारा सम्बोधित सभी क्षेत्रों में जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन एवं प्रबन्धन करने के लिए क्रियातंत्र क्रियान्वित करें।

**प्रलेखन**
Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे अपने पास पर्याप्त प्रलेखन सुरक्षित रखने के द्वारा नीति का अनुपालन प्रदर्शित करने में सक्षम हों, Givaudan उचित सूचना देते हुए जिनकी समीक्षा कर सकता है।

**इस जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग नीति का सम्प्रेषण**
Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे इस नीति के बारे में सभी सुसंगत कर्मचारियों (स्थायी, अस्थायी, कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी तथा आप्रवासी कामगार समेत) के साथ ही साथ सब-कान्ट्रैक्टर्स, एजेंट्स एवं सब्सिडरीज को बताएं।

**परिनियोजन**
Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे सामग्री या सेवाओं को सोर्स करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करते हुए इस नीति में वर्णित सिद्धांतों को अपने केन्द्रों में तथा समग्र आपूर्ति शृंखला में परिनियोजित करें।

## सतत सुधार एवं रिपोर्टिंग


हम अपने सभी आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे सतत सुधार की यात्रा में हमारे साथ जुड़ें और इस नीति के अनुरूप अपनी जिम्मेदारीपूर्ण सोर्सिंग प्रक्रियाओं एवं तौर-तरीकों को वेरीफाई करें। संभव होने पर, Givaudan इस यात्रा में आपूर्तिकर्ताओं को सपोर्ट प्रदान करने का लक्ष्य रखेगा, ताकि सभी इंटरवेंशन में सकारात्मक परिणाम हासिल किया जा सकें।

## उचित सावधानी तथा इस नीति के अनुपालन का सत्यापन

इस नीति के सिद्धांत - संवाद एवं पारस्परिक विश्वास के माध्यम से - आपूर्तिककर्ता एंगेजमेंट पर आधारित हैं, और हम यथासंभव अधिकतम पारदर्शिता और हमारे आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने को बढ़ाव देते हैं।

Givaudan विभिन्न उचित सावधानी एवं सत्यापन टूल्स का उपयोग करेगा, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि आपूर्ति शृंखला के विभिन्न स्तरों पर आपूर्तिकर्तागण हमारी अपेक्षाओं एवं इस नीति में वर्णित सिद्धांतों पर खरे उतरें। इसमें यह भी शामिल है कि हम अपने चुने हुए आपूर्तिकर्ताओं को उचित सावधानी प्रश्नावली (Due Diligence Questionnaire (DDQ)) भेजेंगे और उनसे अनुरोध करेंगे कि वे इसे पूरा करें, अथवा फैक्टरी तथा/अथवा खेत स्तर पर एक तृतीय पक्ष ऑडिट का अनुरोध करेंगे।

Givaudan कुछ विशेष आपूर्ति शृंखला प्रमाणन मानकों को मान्यता देने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो तृतीय पक्ष ऑडिट के स्थान पर लिए जाएंगे।





## तृतीय पक्ष ऑडिट – फैक्टरी एवं खेत स्तर पर

Givaudan आवधिक रूप से किसी भी आपूर्तिकर्ता के केन्द्रों में, उनकी विस्तारित आपूर्ति श्रृंखला के किसी भी हिस्से में, एवं खेत स्तर पर सामाजिक एवं पर्यावरणीय ऑडिट करने तथा इसका अनुरोध करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह किसी आंतरिक प्रोटोकॉल के प्रयोग अथवा तृतीय पक्ष नैतिक ऑडिट के माध्यम से किया जा सकता है। जहां तृतीय पक्ष ऑडिट का अनुरोध किया जाएगा, वहां आपूर्तिकर्ता द्वारा उस ऑडिट हेतु भुगतान किया जाना अपेक्षित रहेगा। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आपूर्तिकर्ता उस डेटा को अपने पास रख सकता है और उसे अन्य ग्राहकों के साथ साझा कर सकता है, और उसे उसी या मिलते-जुलते टाइमफ्रे म के अंदर और अधिक मिलती-जुलती ऑडिट नहीं करवानी होगी। Givaudan ऐसी ऑडिट के परिणामों के बारे में आपूर्तिकर्ता के साथ चर्चा करने की अपेक्षा करेगा, जिसमें सुधार के क्षेत्रों की सुस्पष्ट रूप से पहचान की गई हो, तथा एक सहमतिपूर्ण सुधारात्मक एक्शन प्लान हो।

Givaudan ऑडिट किए हुए किसी भी आपूर्तिकर्ता से अपेक्षा करता है कि वे एक सहमत समयसीमा के अंदर प्रत्येक प्रमुख या गम्भीर गैर-अनुरूपता का समाधान करें और अनुरोध किए गए के अनुसार सहायक प्रलेख प्रदान करें।

आंतरिक या तृतीय पक्षों के माध्यम से की जाने वाली किसी भी ऑडिट को सामान्य तौर पर तीन वर्ष की समय सीमा में दोहराए जाने की आवश्यकता होगी। Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ मिलकर काम करते हुए सुनिश्चित करेगा कि यह प्रकिया मेन्टेन की जाए।

## अनुप्रयोज्यता

Givaudan SA

Chemin de la Parfumerie 5
1214 Vernier
Switzerland

सामान्य जानकारी:
T + 41 22 780 9111
E global.sustainability@givaudan.com

## गैर-अनुपालन

Givaudan अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे इस नीति का उपयोग करें, और इसकी सहायता लेते हुए अपनी सतत सुधार गतिविधि के माध्यम से इस नीति के प्रति अपना अनुपालन प्रदर्शित करें। हम जानते हैं कि कुछ चुनौतियों पर विजय हासिल करने में एक लम्बा समय लग सकता है, और यथानुसार अनुप्रयोज्य होने पर इसे ध्यान में रखा जाएगा।

तथा, जहां Givaudan को ऐसा दिखेगा कि कोई आपूर्तिकर्ता एक सहमत समय अवधि के दौरान इस नीति का अनुपालन प्रदर्शित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं कर सकता है अथवा नहीं करेगा, उस स्थिति में Givaudan किसी विशेष सामग्री या सेवा की वैकल्पिक आपूर्ति प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है।

## शिकायतें

हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हैं कि वे Givaudan के कर्मचारी या प्रतिनिधि के व्यवहार अथवा नैतिक अनुपालन से सम्बन्धित चिंताओं क के बारे में हमें बताएं। यह कार्य Givaudan में सामान्य बिजनेस सम्पर्क व्यक्ति से सम्पर्क करके किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, नैतिक अनुपालन चिंताओं क के बारे में गोपनीय तरीके से कॉरपोरेट अनुपालन अधिकारी को इस आईडी पर ईमेल स सूचित किया जा सकता है: global.compliance@givaudan.com

उत्पादों या सेवाओं से सम्बन्धित प्रश्न, जो नैतिक अनुपालन चिंता क के मामले नहीं हैं, उनके बारे में आपूर्तिकर्तागण सामान्य बिजनेस सम्पर्क व्यक्ति से पूछ सकते हैं।

# परिशिष्ट

United Nations Sustainable Development Goals
www.un.org/sustainabledevelopment/sustainable-development-goals/

UN Global Compact
www.unglobalcompact.org/what-is-gc/mission/principles

UNGC की Givaudan सदस्यता
www.unglobalcompact.org/what-is-gc/participants/search?utf8=%E2%9C%93&search%5Bkeywords%5D=givaudan&button=&search%5Bper_page%5D=10&search%5Bsort_field%5D=&search%5Bsort_direction%5D=asc

Givaudan की मानवाधिकार नीति
www.givaudan.com/files/giv-human-rights-policy.pdf

Givaudan की नैतिक एवं अनुपालन संहिता
www.givaudan.com/our-company/responsible-business/ethics-compliance

Givaudan के आचरण सिद्धांत
www.givaudan.com/our-company/responsible-business/code-of-conduct

The GACP Guidelines क World Health Organisation
www.who.int/medicines/publications/traditional/gacp2004/en/

Convention on Biological Diversity तथा Nagoya Protocol
www.cbd.int/

Farm Animal Welfare Council और World Organization for Animal Health (OIE) द्वारा

www.oie.int/fr/bien-etre-animal/le-bien-etre-animal-dun-coup-doeil/

EU REACH रेगुलेशन
https://echa.europa.eu/regulations/reach/understanding-reach

संवहनीय मृदा प्रबन्धन हेतु स्वैच्छिक दिशानिर्देश
www.fao.org/3/a-bl813e.pdf

हाई कंजर्वेशन वैल्यू (HCV) तथा हाई कार्बन स्टॉक (HCS) एरिया
www.hcvnetwork.org/about-hcvf
http://highcarbonstock.org/the-hcsapproach-toolkit/

IUCN रेड लिस्ट
www.iucnredlist.org

सस्टेनेबेल एग्रीकल्चर इनीशिएटिव (SAI) प्लेटफॉर्म – फार्म सस्टेनिबिलिटी एसेसमेंट (FSA)
https://saiplatform.org/fsa/

Sedex
www.sedex.com/

EcoVadis
https://ecovadis.com/



